राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने फागोत्सव की शुभकामनायें दी

राज्यपाल ने गोविंद देव जी मन्दिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

जयपुर, 21 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार को श्री गोविंद देव जी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने श्री गोविंद देव जी की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की।

बाद में राज्यपाल श्री मिश्र परंपरागत चले आ रहे गोविंद देव जी मंदिर के फागोत्सव में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां फाग उत्सव पर खेली जा रही फूलों की होली की राधा माधव लीला देखी और कलाकारों की सराहना की। उन्होंने होली के पावन पर्व की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि रंगो का यह त्योंहार सबके लिए मंगलमय हो। यह सबमें उमंग और उत्साह का वास कराए।

———————